बिहार सरकार

सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग

कतरन संख्या ....

तिथि 201

समाचार-पत्र का नाम .... हिन्दुस्तान

13 JUN 2020

प्रकाशन तिथि ....

मंत्री/अपर मुख्य सचिव/आयुक्त

.... विभाग

के अवलोकनार्थ

सहायक निदेशक (प्रेस)

बिहार चुनाव के लिए बनेगा कर्मचारियों का डाटाबेस

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव 2020 को लेकर सभी जिलों में कर्मियों का डाटाबेस बनेगा। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एचआर श्रीनिवास ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम को बिहार चुनाव को लेकर कर्मियों का डाटा बेस बनाने का निर्देश दिया।

शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी डीएम और एसपी के साथ बैठक की। बैठक में एडीजी (विधि व्यवस्था) अमित कुमार भी शामिल हुए। बैठक में 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान विधि व्यवस्था से जुड़े सात मामलों को तेजी से निबटारे का निर्देश संबंधित पुलिस अधीक्षकों को दिया गया। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बैजुनाथ कुमार सिंह ने बताया कि सभी पुरानी ईवीएम भारत निर्वाचन आयोग को वापस करने और नई मॉडल -3 ईवीएम मंगाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारियों ने बताया कि सभी पुरानी ईवीएम वापस कर दी गई हैं।

ट्रेनिंग की कार्ययोजना बनाएं

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीनिवास ने सभी जिलों को बिहार चुनाव को लेकर ट्रेनिंग के लिए कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया। बैठक में सभी बूथों के भौतिक सत्यापन कार्य और नए भवनों को चिह्नित किये जाने के कार्य की भी समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी व अन्य अधिकारी अपने अपने कार्यालय से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में शामिल हुए।

15/6

(एच० आर० श्रीनिवास)

बि०स०मु० (सूचना एवं जनसम्पर्क)-1-ऑफसेट-2,00,000-6.9.2018